अनुच्छेद - लेखन

अभ्यास कार्य

कंप्यूटर

आज का युग विज्ञान का युग है। वर्तमान समय में विज्ञान ने हमें कंप्यूटर के रूप में एक अनमोल उपहार दिया है। आज जीवन के हर क्षेत्र में कंप्यूटर का प्रयोग हो रहा है। जो काम मनुष्य पहले हाथ से करता था आज वही काम कंप्यूटर द्वारा किए जा रहे हैं। कंप्यूटर का उपयोग दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। कंप्यूटर ने दुनिया को बहुत छोटा कर दिया है। इंटरनेट द्वारा गूगल, मोज़िला आदि वेबसाइट पर दुनियाभर की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। घर से ही दूर रहने वाले व्यक्ति से संपर्क किया जा सकता है। इसके लिए केवल ई-मेल अकाउंट और पासवर्ड का होना आवश्यक होता है। कंप्यूटर मनोरंजन का भी एक महत्वपूर्ण साधन है। इस पर अनेक खेल भी खेले जा सकते हैं। कंप्यूटर सचमुच एक जादुई पिटारा है।

बसंत ऋतु

संसार में भारत ही ऐसा देश है जहाँ सारी ऋतुएँ आती हैं। गर्मी, वर्षा, सरदी तथा बसंत। बसंत ऋतु का आगमन भीषण सरदी के बाद होता है। बसंत ऋतु सभी ऋतुओं में सबसे सुहानी ऋतु है। इस ऋतु में न तो अधिक सरदी होती है और न गर्मी। यह ऋतु फरवरी-मार्च में होती है। इस ऋतु में प्रकृति अपने सर्वोत्तम रूप में होती है। चारों ओर बागों में फूल खिले होते हैं। फूलों पर भँवरे गुंजार करते दिखाई देते हैं। तितलियाँ मँडराती हैं, आमों में बौर आने लगते हैं और कोयल की कूक सुनाई देती है। इस ऋतु में शीतल तथा मंद-मंद पवन बहुत सुखदायी लगती है। बसंत पंचमी तथा होली का त्योहार भी इसी ऋतु में आता है। बच्चे, बूढ़े, जवान सभी के मन प्रसन्नता से खिल उठते हैं। शायद इसीलिए इसे ऋतुराज कहते हैं।

Do this work in your Hindi Grammar Copy. Write this in neat and clear hand writing.